दिनॉक 17 मई, 2016 को अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ के संभाग प्रथम के सभागार में एक स्वास्थ्य संबंधी वार्ता आयोजित की गई. जिसका विषय था “दवाई रहित स्वस्थ रहना”. यह वार्ता दिल्ली से आए हुए जीवन शैली के डायरेक्टर डॉ0 भूषण जुनेजा, निदेशक जुनेजा आयुर्वेद एवं हर्बल, करौल बाग, नई दिल्ली के द्वारा दी गई.

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में स्वास्थ्य संबंधी अनेकानेक वार्ताएं समय–समय पर आयोजित की जाती है. जिससे महाविद्यालय के स्टॉफ को स्वस्थ्य रहने के गुर पता लग सके. इसी श्रंखला में यह वार्ता आयोजित की गई.

डॉ0 जुनेजा ने बताया कि आज की भागदौड़ भरी ज़िन्दगी में किसी भी व्यक्ति के पास अपने लिए वक्त नही होता. जरा सा कुछ होते ही वह गोली खा लेता है और कुछ समय के लिए अच्छा महसूस करने लगता है. लेकिन यह कोई स्थाई ईलाज नहीं है. जिससे हम स्वस्थ रह सके. हम अपने खान–पान इत्यादि में बदलाव लाकर अपनी जीवन शैली को बदल सकते है. जिससे हम अनेक बीमारियों से बचकर स्वस्थ जीवन बिना दबाइयों के जी सकते है.

यह कार्यक्रम महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ0 नरेश कामरा एवं श्रीमती शोभना गोयल के कुशल निर्देशन मे हुआ.

इस सुअवसर पर महाविद्यलाय के समस्त वरिष्ठ प्रवक्ता (श्री अशोक कौशिक, श्रीमती कमल टंडन) इत्यादि के साथ–साथ समस्त प्रवक्तागण एवं शैक्षेणत्तर विभाग के सदस्य उपस्थित थे. निःसन्देह यह वार्ता पूर्णरुपेण लाभान्वित रही.